साहित्य अकादेमी

रिपोर्ट : हिन्दी सप्ताह (14 -21 सितंबर 2017)

साहित्य अकादेमी के दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु में दिनांक 18.09.2017 को हिन्दी सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विशेष अतिथि के रूप में सिंडिकेट बैंक कॉरपोरेट कार्यालय के हिन्दी अनुभाग के प्रभारी श्री ओम प्रकाश साहू को आमंत्रित किया गया था, जिनकी देखरेख में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । अंत में एक औपचारिक कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई और विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव श्री एस पी महालिंगेश्वर भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा अपने वक्तव्य में दैनंदिन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने पर ज़ोर दिया। विशेष अतिथि के रूप में श्री ओम प्रकाश साहू ने राजभाषा हिन्दी के महत्त्व एवं उसके प्रचार-प्रसार संबंधी सरकार के प्रयासों को विस्तार से बताया तथा सभी से तत्संबंधी सहयोग की अपील की। क्षेत्रीय सचिव के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।